LOK SABHA

*Tuesday, April 24, 1973/Vaisakha 4, 1895 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Agitation by DESU Engineers

\+
*821. SHRI SHASHI BHUSHAN:
SHRI MAHADEEPAK SINGH SHAKYA:

Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether the attention of Government has been invited to the news item appearing in the 'Hindustan Times, of the 24th March, 1973 under the caption "D.E.S.U. engineers plan direct action"; and

(b) if so, the reaction of Government thereto and steps taken in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI BALGOVIND VERMA): (a) and (b). The main demand of the DESU Engineers Association is with regard to the implementation of the revised pay scales of various grades of engineers as recommended by the Sivasankar Committee. The Delhi Electric Supply Committee have recommended the revised pay scales to the Delhi Municipal Corporation for their consideration. The other recommendations of the Sivasankar Committee relating to service conditions etc. of engineers are under examination by DESU.

श्री शशि भूषण : अध्यक्ष महोदय, शिवशंकर कमेटी की रिपोर्ट को सरकार कब अमल में लाएगी ? इस के साथ साथ दिल्ली के इंजीनियर्स को जो आस पास के स्टेट्स हैं यू० पी०, हरयाणा और पंजाब उन की तुलना में कितना कम मिलता है तथा मैं यह भी जानना चाहूंगा कि दिल्ली एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड जिस के भ्रष्टाचार की बहुत सी शिकायतें आई हैं उसे केन्द्रीय सरकार कब टेक ओवर कर रही है ?

THE MINISTER OF IRRIGATION AND POWER (DR. K. L. RAO): In regard to the first question, the implementation of the recommendation of the Sivasankar Committee regarding scales of pay has to be done by the Delhi Municipal Corporation because this body is under the Corporation. The Committee's report is now being translated into Hindi and Urdu. It will take another one month and then it will be considered by the Delhi Municipal Corporation. Then they have got to give their final approval. At the moment, the Delhi Electric Supply Committee have accepted the recommendation of the Sivasankar Committee with respect to the increased salaries for various grades. But this cannot be implemented unless the Delhi Municipal Corporation also accept it. That is awaiting translation of the report.

As for the second question, the scales recommended by the Siva-

sankar Committee are fairly good. I only hope it will be possible for the Delhi Municipal Corporation to accept them. The existing scales of pay are no doubt comparable to what are obtaining elsewhere in the country. But in view of the rising costs and so on, the Sivasankar Committee have recommended scales of pay which are, in our view, quite suitable.

As regards the taking over of the body by the Government, the matter is under discussion. No final decision has been taken. I would say the matter is still under consideration.

श्री शशि भूषण : अध्यक्ष महोदय शिव शंकर कमेटी की रिपोर्ट अंग्रेजी में बनाई गई और उन को जो उस की सिफारिशें हैं उस को मानना है । अब ट्रांसलेशन के लिए उन की सिफारिशों को मानने में देर हो यह बात समझ में नहीं आती है । चाहे अंग्रेजी में इम्प्लीमेंट करें, या उर्दू में करें या हिन्दी में करें, सिफारिश तो सिफारिश रहेगी । यह बहाना कुछ हमारी समझ में नहीं आ रहा है कि ट्रांसलेशन की वजह से इम्प्लीमेंटेशन में देर हो रही है । मैं जानना चाहूंगा कि यह देर अब तक क्यों हो रही है ?

दूसरा दिल्ली एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को टेक ओवर करने का जो सवाल है, आप ने कहा कि कारपोरेशन इम्प्लीमेंट नहीं कर रहा है, कमेटी की रिपोर्ट को तो उस के लिए आप उन को क्या डायरेक्शन देंगे ?

DR. K. L. RAO: The final report of the Committee was received in January, 1973, and so far as we are concerned, we immediately transmitted it to the Delhi Electricity Supply Undertaking, and they have taken about two months to finalise their recommendation and send them on to the Delhi Municipal Corporation. I presume those members read Hindi or Urdu (*Interruption*) and I think it is now only a matter of translation which takes about a month's time. As I have submitted, it is not a matter concerned with us; it is a matter concerning the Delhi Municipal Corporation, and so we have got to allow them the time required for them for translation.

श्री शशि भूषण : अध्यक्ष महोदय, भविष्य में ट्रांसलेशन साथ साथ होता जाय किसी कमेटी की रिपोर्ट का जिस से इम्प्लीमेंटेशन में इतनी देर न हो ।

श्री महा दीपक सिंह शाक्य : अध्यक्ष महोदय, इंजीनियरिंग विभाग एक विशेष महत्व का विभाग है और 24 मार्च के अखबार में उन्होंने इस प्रकार की धमकी दी है कि यदि सरकार ने उन की मांगों को स्वीकार नहीं किया तो दिल्ली नगर निगम को एक भारी संकट का सामना करना पड़ेगा । मैं जानना चाहता हूं कि इस समस्या को हल करने के लिए तात्कालिक कदम आपने क्या उठाया है ? यदि कोई कदम उठाया है तो वह क्या है ?

DR. K. L. RAO: It is true that the power engineers are playing a very good part in this country and they deserve recognition and their pay-scales must be properly fixed. But I would not agree that they should threaten to go on strikes and adopt an attitude of agitation. The power sector is a very sensitive sector, where the equipment one damaged, will not be able to function again for nearly six months or one year or even more than that. I would appeal to the power engineers in this country not to resort to any plan for strike. In this particular case, we had a discussion with the concerned engineers and I do not think they will go on strike.

श्री राम सहाय पांडेय : माननीय मंत्री जी ने बताया कि बिजली के इंजी-

नियर्स की धमकी से जो परिणाम पैदा होंगे वह न हों इसलिए उन्होंने देश भर के इंजीनियर्स से एक अपील की है। मेरा निवेदन है इस देश का बेड़ा गर्क किया है इंजीनियर्स ने ..... (व्यवधान) ... जितना बेड़ा गर्क हुआ है उस पर आंसू तो बहाने दीजिए, बिजली फेल होती है उस पर आंसू बहाने दीजिए ....

**अध्यक्ष महोदय** : आप प्रश्न करिए।

**श्री राम सहाय पांडेय** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या देश भर के इंजीनियर्स के साथ आप का कोई तालमेल बैठने वाला है जिससे यह धमकी देना, हड़ताल करना, डायरेक्ट ऐक्शन लेना और उस के बाद आप का बैठ कर के उन की सैलरीज़ और एमाल्यूमेंट्स बढ़ा देना, यह सब न करना पड़े, उन का भी काम हो जाय, आप का भी काम हो जाय और जनता जो बीच में पिस रही है, वह न पिसे, ऐसा कुछ होने वाला है ?

DR. K. L. RAO: There is no official body as such. There is an All India organisation in which the engineers from various States are members. At the moment, for example, the power engineers in Rajasthan have gone on strike and that has given a lot of trouble for the Rajasthan State Government. I understand that the President of the association has counselled patience and called for the cessation of the strike. I would appeal through this House to the power engineers of the country at large that they should not resort to any strike. We will go into all the grievances, and the Ministry of Irrigation and Power will be very glad to participate in discussions and see that proper justice is done, but they should not go on strike. I do not mind even the other sectors, but the power sector is a very sensitive one.

**श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव** : क्या मंत्री महोदय को इस की जानकारी है कि बिजली इन्जीनियरों की हड़ताल न होने के बावजूद भी दिल्ली में आये दिन पावर-फेल्योर हुआ करता है। हम लोग जो नार्थ और साउथ एवेन्यू में रहते हैं, घण्टों अन्धेरे में रहते हैं। क्या मंत्री महोदय इस दिशा में कोई इफेक्टिव स्टैप लेने जा रहे हैं ?

DR. K. L. RAO: These power failures are due to other reasons than the strike in Delhi. Power failures in Delhi are somewhat less compared to the rest of the country; there is enough of power to go round in Delhi. We shall ask them to take steps to improve the position so that such failures do not occur. I shall remind once again the Delhi Electric Supply Corporation to be more careful and see that Members are not put to inconvenience.

**श्री मान सिंह भौरा** : क्या मंत्री महोदय को मालूम है कि इन्जीनियर्स धमकियां इस लिए देते हैं कि उन की डिमाण्ड्स नहीं मानी जातीं और सरकार की यह आदत बन गई है कि जब तक उसे हड़ताल की धमकी न दी जाय वह सुनती ही नहीं। क्या मिनिस्टर साहब कोई ऐसी मशीनरी कायम करेंगे जो उन की डिमाण्ड्स को देखें और समय समय पर उन की मीटिंग ग्रुप के साथ हों ताकि उन की जैनुइन डिमाण्ड्स मान ली जायं और ऐसी हालत पैदा न हो जो आज कल हरियाणा में हो रही है ? क्या आप इस पर गौर फरमायेंगे ?

DR. K. L. RAO: I thank the hon. Member for the suggestion; we shall try to adopt it.